उत्सव

वंदे मातरम् के 150 वें स्मरणोत्सव का आयोजन

वंदे मातरम् गीत पूरे देश को एक सूत्र में बांधने का कार्य करता था

नवभारत,जबलपुर। वंदे मातरम् का सम्मान केवल आज तक सीमित न रहकर पूरे वर्ष, स्कूलों, कॉलेजों और विभिन्न संस्थाओं में समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना आवश्यक है। मध्यप्रदेश और भारत का विकास सभी के सहयोग से ही संभव है और सबका साथ, सबका विकास की भावना को आगे बढ़ाना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। उक्त बातें लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री संपतिया उइके ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् का 150वां स्मरणोत्सव पर कही। स्मरणोत्सव में उपस्थित लोगों ने देशभक्ति के वातावरण का अनुभव करते हुए, वंदे मातरम् के महत्व को आत्मसात किया। सभा में पुलिस बैंड दल ने देशभक्ति के मधुर धुन प्रस्तुत किए, जिसके साथ उपस्थित सभी लोगों ने वंदे मातरम् का गायन किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का संबोधन भी लाइव टेलीकास्ट किया गया, जिसे सभी ने ध्यानपूर्वक देखा और सुना। मंत्री संपतिया उइके ने कहा कि वंदे मातरम् गीत स्वतंत्रता संग्राम में पूरे देश को एक सूत्र में बांधने का कार्य करता था। उन्होंने कहा कि जबलपुर के स्वतंत्रता सेनानी राजा शंकर शाह और रघुनाथ शाह को भी श्रद्धांजलि दी गई। मंत्री ने गीत के रचना काल और बंकिमचंद्र चटर्जी की भूमिका का स्मरण करते हुए कहा कि भारत के पहले राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने भी राष्?ट्रगीत के सम्मान की महत्ता बताई थी।

ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर विधायक अशोक रोहाणी, संतोष बरकड़े, जिला पंचायत अध्यक्ष आशा मुकेश गोटिया, नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज, भाजपा नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार पटेल, प्रदेश भाजपा कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, संभागायुक्त धनंजय सिंह, कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह, पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय और नगर निगम कमिश्नर रामप्रकाश अहिरवार सहित तमाम अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

दिव्यांगों ने निकाली रैली

विकलांग सेवा भारती चेतना में मानसिक मंद और श्रवण बाधित छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने बंदे मातरम गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने पर एक रैली निकाली गई दिव्यांगों में बड़ा ही उत्साह नजर आ रहा और सामूहिक राष्ट्रीय गीत गायन हुआ।इस अवसर पर प्राचार्य सचिन प्रजापति दिव्यांग छात्राओं सहित स्कूल का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय में सामूहिक गायन

राष्ट्रीय गीत 'वन्दे मातरम' के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय में सामूहिक गायन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व महाविद्यालय अधिष्ठाता डॉ. एस.के. महाजन के मार्गदर्शन में हुआ।

वन्दे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने पर मैराथन दौड़

राष्ट्रगीत वन्दे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 6वीं वाहिनी विशेष सशस्त्र बल जबलपुर द्वारा सद्भावना मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। सेनानी सिद्धार्थ चौधरी के निर्देशन में आयोजित इस मैराथन दौड़ का शुभारंभ उप सेनानी लामु सिंह श्याम द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस अवसर पर वाहिनी एवं पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय (पी.टी.एस.) के समस्त राजपत्रित अधिकारी, अराजपत्रित अधिकारियों सहित लगभग 250 पुलिस कर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

जीसीएफ में मनाया राष्ट्रगीत का स्मरणोत्सव

जीसीएफ के प्रशासनिक कक्ष परिसर में वंदे मातरम गीत के इतिहास को स्मरण किया गया । कार्यक्रम के दौरान जीसीएफ के मुख्य महाप्रबंधक राजीव गुप्ता ,महाप्रबंधक राहुल चौधरी , महाप्रबंधक ऋतुराज द्विवेदी ,महाप्रबंधक कुलदीप यादव के साथ सभी यूनियन एसोसिएशन के पदाधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में जीसीएफ स्कूल के बच्चों द्वारा बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा निर्मित वंदे मातरम गीत गाकर 150 वर्ष पुराने इतिहास को स्मरण भी किया।

राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् से गूंजा पमरे मुख्यालय

पश्चिम मध्य रेल की सभी इकाईयों में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् का सामुहिक गान किया गया। वंदे मातरम् का सामुहिक गान के अवसर पर पश्चिम मध्य रेल के रेल सौरभ अधिकारी क्लब में महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय सामूहिक गान में शामिल हुई। इस सामुहिक गान कार्यक्रम में 335 सदस्य उपस्थित हुए।

जबलपुर रेल मंडल में सामूहिक राष्ट्रगीत का गायन

मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, जबलपुर के प्रांगण में वन्दे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा की गरिमामयी उपस्थिति में राष्ट्रगीत वन्दे मातरम् का सामूहिक गायन किया गया।

भारत में स्वदेशी रक्षा उपकरणों के उत्पादन का प्रतिशत बढ़ रहा

व्हीएफजे में इंडियन डिफेंस मैन्यूफैक्चरिंग कॉन्क्लेव का शुभारंभ

नवभारत,जबलपुर। व्हीकल फोर्टेज जॉइंट्स (व्हीएफजे) में आज पहली बार इंडियन डिफेंस मैन्यूफैक्चरिंग कॉन्क्लेव 2025 का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का मुख्य अतिथित्व संजय द्विवेदी, सीएमडी, आर्मर्ड व्हीकल्स निगम लिमिटेड, चेन्नई ने किया। कॉन्क्लेव का आयोजन एवीएनएल और सीआईआई के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम में प्रवीण कुमार, सीजीएम व्हीएफजे ने सप्लाई चैन मजबूत करने, स्थानीय विक्रेताओं को पर्याप्त अवसर देने और मिलकर आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान देने की अपील की। मुख्य अतिथि संजय द्विवेदी ने कहा कि भारत में स्वदेशी रक्षा उपकरणों के उत्पादन का प्रतिशत लगातार बढ़ रहा है। इसमें डिफेंस पीएसयू और निजी क्षेत्र की कंपनियों का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने बताया कि एवीएनएल, जो एक मझोली कंपनी है, नए रक्षा उत्पादों के निर्माण और उनके विकास में लघु और मध्यम उद्योगों से सहयोग की अपेक्षा करती है और मिलकर अत्याधुनिक रक्षा उत्पादों के निर्माण के लिए तैयार है। इससे पहले, अनिल राठौर ने जबलपुर को डिफेंस इंडस्ट्री के लिए अत्यंत अनुकूल बताते हुए मध्यप्रदेश सरकार की ओर से प्रदान की जाने वाली सुविधाओं और कर में छूट की जानकारी दी और सभी उद्यमियों से मध्यप्रदेश में निवेश करने का आह्वान किया।

ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में अनिल राठौर, कार्यकारी निदेशक एमपीआईडीसी, एस. पी. डेकाटे, नियंत्रक सीक्यूए, संपत उपाध्याय, एस. पी. जबलपुर, सुश्री शालिनी सिंह, मुख्य कार्यकारी अधिकारी सीजीएसएससी नई दिल्ली, रचना जिंदल, संयुक्त निदेशक सीआईआई एवं अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

प्लुरो फर्टिलिटी ने जुटाई 125 करोड़ की सीरीज ए फंडिंग

जबलपुर में भी करेगा विस्तार

नवभारत,जबलपुर। टेक्नोलॉजी आधारित फर्टिलिटी केयर प्लेटफॉर्म प्लुरो फर्टिलिटी एंड आईवीएफ ने बेसेमर वेंचर पार्टनर्स के नेतृत्व में 125 करोड़ रुपये की सीरीज़ ए फंडिंग जुटाई है। कंपनी का मूल्यांकन इस दौर में 1,000 करोड़ रुपये आंका गया है। डॉ जयदीप टांक, डॉ परीक्षित टांक और डॉ भास्कर शाह द्वारा 2025 में स्थापित प्लुरो देशभर में अग्रणी फर्टिलिटी विशेषज्ञों के साथ क्लिनिकल पार्टनरशिप मॉडल पर काम कर रहा है। कंपनी का लक्ष्य मार्च 2026 तक 25 फर्टिलिटी केंद्र शुरू करने और तीन वर्षों में 100 से अधिक क्लीनिक स्थापित करने का है। प्लुरो जबलपुर में भी अपनी उपस्थिति मजबूत कर रहा है। डॉ अर्चना श्रीवास्तव, नेटवर्क पार्टनर, प्लुरो फर्टिलिटी एंड आईवीएफ, जबलपुर ने कहा कि उनका उद्देश्य हर महिला के मातृत्व सफर को आसान और तनावमुक्त बनाना है। फंडिंग से प्लुरो अपनी नेटवर्क उपस्थिति बढ़ाने, टेक्नोलॉजी में निवेश करने और एडवांस रिप्रोडक्टिव साइंस में क्लीनिकल क्षमताएं सुदृढ़ करने की योजना बना रहा है।

दुर्गेशनी डागौर जिला उपाध्यक्ष निर्वाचित

जबलपुर। मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस के परिणाम घोषित हुए जिसमें जबलपुर से युवा कांग्रेस की दुर्गेशनी डागौर युवा कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुई। उनके उपाध्यक्ष बनने पर एड. शुभम बोहित, पूजा सिंह, इन्द्रजीत कुशवाहा, संजय यादव, अरूण सेन, दीप्ति पाण्डे आदि ने बधाई देते हुए हर्ष व्यक्त किया है।

एक नजर में

मराठी विनोदी नाटक टू बाय टू का मंचन

नवभारत, जबलपुर। मराठी साहित्य अकादमी, मध्यप्रदेश संस्कृती परिषद भोपाल द्वारा आयोजित द्वि दिवसीय लोकधारा रंगयात्रा का शुभारंभ महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज, डॉ.भारती सुळे, डॉ.रवींद्र हरणे, जस्टीस धर्माधिकारी, कल्पना हर्णे द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। स्वाती गोडबोले द्वारा वंदे मातरम गायन के पश्चात प्रमुख अतिथीयों का स्वागत किया गया। मराठी साहित्य अकादमी के निर्देशक संतोष गोडबोले यांनी स्वागत भाषण केले, राधिका क्रिएशन नागपूर की निर्मिती मराठी विनोदी नाटक टू बाय टू का मंचन किया गया। मराठी समाज के वरिष्ठ नाट्य कलाकारो का शाल एवं श्रीफल देकर स्वागत महापौर एवं डॉ.भारती सुळे, डॉ.रवींद्र हरणे, डॉ.अतुल सुळे द्वारा किया गया, मंच संचालन संजय आपटे ने किया। इस अवसर पण डॉ. रवि फडणीस, सदानंद गोडबोले, राजेंद्र बर्वे, सुश्री मंजुषा देशमुख, जया पागे, एड. हेमंत पोहरकर, अभय गोरे, विजय भावे, श्रीराम मुठे, स्वाती गोडबोले, रवींद्र परांजपे, अनिल राजूरकर, विजय फणसळकर, डॉ.शिरिष नाईक, रंजना वर्तक,अभय सवडतकर, उपस्थित थे. कार्यक्रम सफल बनाने मे महाराष्ट्र समाज, वारी महामंडळ का सहयोग रहा।

वर्ल्ड कप जीतने पर किया हर्ष व्यक्त, दी बधाई

नवभारत,जबलपुर। बलिदानी राजा शंकर शाह कुंवर रघुनाथ शाह प्रतिमा स्थल पर नगर के समाजसेवियों एवं खेल प्रेमियों ने एकत्रित होकर भारत की बेटियों के द्वारा भारतीय क्रिकेट की टीम जिन्होंने वनडे मैच का वर्ल्ड कप प्रथम बार जीतकर भारत का नाम पूरी दुनिया में गौरवान्वित किया। वर्ल्ड कप क्रिकेट टूर्नामेंट जीतने पर वरिष्ठ समाज सेवी घनश्याम यादव, बालकृष्ण उईके, भानसिंह तेकाम, शैलेष लोधी, गया प्रसाद धुर्वे, शेख लाल आर्मो, बृजलाल बरकड़े, बाल सिंह मरावी, राजेन्द्र तेकाम, संजू ठाकुर, कोमल मार्को, अनिल परस्ते, पवन सैयाम, विरेन्द्र तेकाम, रामकेश परस्ते, पी.एम. कुशराम आदि समाजसेवी खेलप्रेमियों उपस्थित होकर हर्ष व्यक्त किया खास तौर पर मध्यप्रदेश की आदिवासी समाज की प्रथम महिला क्रिकेटर क्रांती गौड़ एवं संपूर्ण महिला खिलाड़ियों को बधाईयाँ प्रेषित की।

पटवा समाज का परिचय सम्मेलन कल

नवभारत,जबलपुर। अखिल भारतीय श्री पटवा वैश्य समाज द्वारा राष्ट्रीय स्तर का वैवाहिक परिचय सम्मेलन 9 नवंबर रविवार को अग्रसेन मंडपम, विजय नगर, जबलपुर में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 10 :30 बजे से शाम 6 बजे तक चलेगा। इस सम्मेलन में देश के विभिन्न राज्यों से समाज के प्रतिनिधि और परिवार शामिल होंगे। आयोजन में दो सत्र रखे गए हैं प्रथम सत्र उद्घाटन सत्र तथा द्वितीय सत्र विवाह योग्य युवक-युवतियों का परिचय सत्र। समानांतर रूप से समाज के राष्ट्रीय एवं प्रांतीय पदाधिकारियों की एक वैचारिक बैठक भी होगी। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में म.प्र. के कैबिनेट मंत्री राकेश सिंह, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, विधायक अभिलाष पांडे, विधायक अशोक रोहाणी, राष्ट्रीय अध्यक्ष दयाशर पटवा एवं प्रांतीय अध्यक्ष श्रीकांत पटवा उपस्थित रहेंगे। आयोजन समिति के अनुसार अब तक लगभग 300 बायोडाटा ऑनलाइन प्राप्त हो चुके हैं, जबकि 200 से अधिक ऑन स्पॉट मिलने की संभावना है। कुल मिलाकर लगभग 500 परिवार विवाह परिचय का लाभ लेंगे और 3000 से अधिक समाजबंधुओं के उपस्थित होने की उम्मीद है।

सरगम म्युजिकल ग्रुप का संगीतमय कार्यक्रम आज

जबलपुर। सरगम म्युजिकल ग्रुप (सप्तक कराओके सेंटर) द्वारा एक संगीतमय कार्यक्रम का आयोजन आज 8 नवंबर को सायं 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक किया जाएगा। यह कार्यक्रम डिसिल्वा स्कूल (न्यू हॉल), बल्देवबाग चौक, जबलपुर में आयोजित होगा। कार्यक्रम में सदाबहार गीतों की प्रस्तुति दी जाएगी। आयोजक विमल श्रीवास्तव ने शहरवासियों से उपस्थिति की अपील की है।

बालक में गोविंदगंज, बालिका वर्ग में दीक्षितपुरा विजेता

हितकारिणी महोत्सव में कबड्डी प्रतियोगिता

नवभारत,जबलपुर। हितकारिणी महोत्सव के अंतर्गत आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में खेल भावना और रोमांच का शानदार प्रदर्शन देखने को मिला। बालक वर्ग के फाइनल मुकाबले में हितकारिणी गोविंदगंज की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए हितकारिणी सहजपुर की टीम को पराजित कर विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। वहीं बालिका वर्ग में हितकारिणी बीएमडी दीक्षितपुरा की टीम ने हितकारिणी बी.टी. तिराहा की टीम को हराकर खिताब अपने नाम किया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर हितकारिणी सभा की सभापति सुनयना पटेरिया, उप-सभापति अशोक गुप्ता, हितकारिणी विद्या परिषद के अध्यक्ष समर गायकवाड, मंत्री जयेश सिंह राठौर, तथा सदस्य संदीप गोलछा उपस्थित रहे। अतिथियों ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को मेडल और प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों ने उत्साह और खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लिया।

समाजिक संगठनों से आशीर्वाद पाकर महापौर हुए अभिभूत

सिख और विश्वकर्मा समाज के पदाधिकारियों ने मार्गों के नामकरण करने पर महापौर को दिया आशीर्वाद

नवभारत, जबलपुर। गत दिवस एम.आई.सी. की बैठक में महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू के द्वारा हाऊबाग स्टेशन से गुरूद्वारा गोरखपुर पहुँचने वाले तिराहे, का नाम गुरू तेग बहादुर व आजाद चौक तक के मार्ग का नाम गुरू तेग बहादुर मार्ग एवं चिरायु अस्पताल के बगल बाले मार्ग का नाम भगवान विश्वकर्मा के नाम से करने की स्वीकृति प्रदान कर अपने आप को सौभाग्यशाली मानते हुए कहा कि ये मेरे कार्यकाल का सबसे पवित्र और पुनीत कार्य में गिना जायेगा। महापौर के इस पहल के लिए आज सिख और विश्वकर्मा समाज के पदाधिकारियों के द्वारा महापौर कार्यालय में आकर महापौर का स्वागत एवं सम्मान किया। उन्होंने मिले सम्मान के लिए सामाजिक संगठन के सभी पदाधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। सम्मान के मौके पर निगमाध्यक्ष रिकुंज विज भी उपस्थित रहे।

साइबर अपराध से जागरूक करने सेमीनार और नुक्कड़ नाटक

नवभारत, जबलपुर। नगर निगम द्वारा बड़े पैमाने पर शहर के विद्यालयों, महाविद्यालयों और सार्वजनिक स्थलों पर नुक्कड़ नाटक, जनजागरूकता रैली, सेमीनार, बैनर, पोस्टर आदि के माध्यम से साइबर अपराध एवं सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों से बचने आम जनमानस को जागरूक किया जा रहा है। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने बताया कि अभियान के अंतर्गत नगर निगम द्वारा भी महाराष्ट्र कॉलेज, एमएलबी स्कूल, मानकुंवर बाई महाविद्यालय में जनजागरूकता के लिए सेमिनार एवं मदन महल थाने के पास, नेपियर टाउन, भँवरताल गार्डन के पास नुक्कड़ नाटक का आयोजन कर नागरिकों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर नगर निगम के अधिकारी कर्मचारी के सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं व नागरिक आदि उपस्थित रहे।

योजना के क्रियान्वयन में सेवाभाव की दिखाई देनी चाहिए झलक : निगमायुक्त

सबसे अच्छा रसोई केन्द्र और रैन बसेरे को किया जायेगा सम्मानित

नवभारत, जबलपुर। मध्य प्रदेश शासन की मंशानुसार जरूरतमंदों को 10 रूपये में स्वादिष्ट भोजन मिले इसके लिए शहर के विभिन्न क्षेत्रों क्रमश: राजागोकुलदास धर्मशाला, दमोहनाका बस स्टैण्ड, आई.एस.बी.टी. परिसर आदि क्षेत्रों में दीनदयाल अंत्योदय रसोई योजना के अंतर्गत स्वादिष्ट भोजन थाली में परोसे जा रहे हैं। इसके साथ-साथ रैन बसेरों में भी ठहरने वाले जरूरतमंदों को उत्तम ढंग से ठहराने की व्यवस्थाएँ की गयी है। इन सब व्यवस्थाओं की समीक्षा निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के द्वारा अधिकारियों के साथ बैठक कर की गयी। बैठक के दौरान निगमायुक्त श्री अहिरवार ने सभी संबंधितों को निर्देशित किया कि रसोई केन्द्र और रैन बसेरों का परिवेश बहुत साफ, स्वच्छ और सुन्दर होना चाहिए। समीक्षा बैठक के दौरान निगमायुक्त ने यह भी निर्देशित किया कि रैन बसेरा और रसोई केन्द्रों के अंदर एवं बाहर परिसर में तथा परिसर के आस पास के क्षेत्रों में स्वच्छता की झलक दिखाई देनी चाहिए। उन्होंने इन सब कार्यो को सुनिश्चित कराने एवं देखने सहायक आयुक्त श्रीमती रचयिता अवस्थी के साथ-साथ सिटी मिशन मैनेजर एवं सामुदायक संगठकों को जिम्मेदारी दी है। उन्होंने यह भी कहा है कि एक सप्ताह के अंदर सभी रैन बसेरों और रसोई केन्द्र परिसरों के आस पास का परिवेश साफ स्वच्छ एवं सुन्दर रखने की दिशा में भ्रमण कर कार्रवाई सुनिश्चित करें और कार्य संबंधी रिपोर्ट समक्ष में प्रस्तुत करें। इस अवसर पर अपर आयुक्त, अधीक्षण यंत्री, उपायुक्त अन्य विभागीय प्रमुख उपस्थित रहे।

प्रतियोगिता

क्षेत्रीय रेल हिंदी नाट्योत्सव समारोह का समापन

सखी सुहाग राम मोहे दीन्हा

जबलपुर, नवभारत। रेल मंत्रालय रेलवे बोर्ड के निर्देशानुसार क्षेत्रीय रेल हिंदी नाट्योत्सव - 2025 का शुभारंभ एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। इस नाट्योत्सव प्रतियोगिता में पश्चिम मध्य रेल के मुख्यालय सहित जबलपुर, भोपाल एवं कोटा मंडलों और भोपाल एवं कोटा कारखानों की सांस्कृतिक अकादमी के नाट्य दलों के कुल 90 रंगकर्मी रेल कर्मचारियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के दौरान कुल 06 नाटकों का मंचन किया गया। इस प्रतियोगिता में राहुल तिवारी, विभाग प्रमुख, स्कूल फॉर परफोरमेंस आर्ट, एस.ए.जी.ई. विश्वविद्यालय, भोपाल दिनेश चौधरी, समालोचक नाटककार व लेखक, जबलपुर तथा आशुतोष द्विवेदी, संचालक, विवेचना रंग मंडल, जबलपुर ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एवं महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय ने अपने उद्बोधन में कहा कि नाटक साहित्य की एक महत्वपूर्ण विधा है। इसके माध्यम से कलाकार रंगकर्मी मानवीय मूल्यों, भावों तथा सामाजिक घटनाक्रमों को जीवंत रूप में प्रस्तुत करते हैं। नाटक दशकों सहित साहित्यकारों एवं आलोकचक वृंद को भी प्रभावित करते हैं। इस अवसर पर प्रमोद कुमार खत्री, अपर महाप्रबंधक, एम.एस. हाशमी, मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण), एस.डी. पाटीदार, प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी एवं अध्यक्ष, सांस्कृति आकादमी, मुख्यालय, पमरे, जबलपुर सहित विभिन्न विभागों के विभाग प्रमुख तथा पश्चिम मध्य रेल महिला कर्मचारी कल्याण संगठन के पदाधिकारीगण एवं अन्य अधिकारीगण तथा राजभाषा विभाग के कर्मचारीगण उपस्थित थे।

ऑयलर मोटर्स ने शहर में शुरू की नई डीलरशिप

नवभारत,जबलपुर। विद्युत वाणिज्यिक वाहन निर्माता ऑयलर मोटर्स ने एलीट मोटर्स के साथ मिलकर जबलपुर के कटंगी बायपास रोड, करमेता पर अपनी नई डीलरशिप शुरू की है। इसके साथ कंपनी के देशभर में कुल 63 केंद्र हो गए हैं। यहाँ कंपनी के सभी विद्युत मालवाहक और यात्री वाहन जैसे हाईलोड ईवी, स्टॉर्म ईवी, टर्बो ईवी 1000 तथा नियो हाईरेंज और नियो हाईसिटी प्रदर्शित किए गए हैं। कंपनी के ग्राहक उत्कृष्टता प्रमुख आशीष टंडन ने कहा कि जबलपुर मध्य भारत का उभरता परिवहन केंद्र है और यह कदम प्रदेश में स्वच्छ परिवहन को बढ़ावा देगा। नए केंद्र में आधुनिक सेवा सुविधा, त्वरित मरम्मत, परीक्षण यात्रा (टेस्ट ड्राइव) और आसान वित्तीय विकल्प उपलब्ध रहेंगे। कंपनी का लक्ष्य अगले वर्ष तक 100 शहरों तक विस्तार करने का है।